कार्यक्रम दर्शिका

बी.ए. (हिंदी) ऑनर्स

बी.ए.एच.डी.एच.

विषय सूची

भाग 1 कार्यक्रम का विवरण

1. विश्वविद्यालय
2. बी.ए. (हिंदी), ऑनर्स
   - 2.1 अनिवार्य पाठ्यक्रम
   - 2.2 ऐच्छिक पाठ्यक्रम
   - 2.3 योग्यता संवर्धन अनिवार्य पाठ्यक्रम
   - 2.4 कौशल संवर्धन पाठ्यक्रम
   - 2.5 सामान्य ऐच्छिक
3. आपके स्नातक अध्ययन की योजना
4. फीस संरचना एवं भुगतान की अनुसूची
5. शिक्षण प्रणाली
   - 5.1 पाठ्यक्रम सामग्री
   - 5.2 परामर्श सत्र
   - 5.3 अध्ययन केन्द्र
   - 5.4 इंटेरैक्टिव रेडियो काउंसिलिंग
   - 5.5 ज्ञान दर्शन
   - 5.6 ज्ञान वाणी
   - 5.7 टेलीकॉन्फ्रेंस/एडुसैट
6. मूल्यांकन
   - 6.1 सत्रीय कार्य
   - 6.2 सत्रांत परीक्षा
7. अन्य उपयोगी जानकारी
8. कुछ उपयोगी पते

भाग 2 पाठ्यक्रम के सिलेबस

1. अनिवार्य पाठ्यक्रम
2. विषय विशिष्ट ऐच्छिक
3. योग्यता संवर्धन पाठ्यक्रम
5. कौशल संवर्धन पाठ्यक्रम
4. सामान्य ऐच्छिक

शिक्षण के क्षेत्र में मुद्रित अध्ययन सामग्री हमारा मुख्य आधार है। हमारी अध्ययन सामग्री शिक्षार्थियों की रुचि को ध्यान में रखते हुए विशेषज्ञों की एक टीम द्वारा तैयार की जाती है। प्रत्येक कोर्स में पाठ्यक्रम तैयार करने के लिए विशिष्ट शिक्षाविदों और पेशेवरों की एक पाठ्यक्रम विशेषज्ञ समिति होती है। पाठ्यक्रम सामग्री को इस तरह से लिखा गया है कि अध्ययन केंद्रों में हमारे शैक्षिक सलाहकारों से सहायता लेकर शिक्षार्थी स्वयं इसका अध्ययन कर सकते हैं। इसके अलावा, पाठ्य पुस्तकें और संदर्भ पुस्तकें अध्ययन केंद्रों और क्षेत्रीय केंद्रों से जुड़ी पुस्तकालयों में उपलब्ध होती हैं, इसलिए इग्नू के पाठ्यक्रमों के लिए सस्ते गाइड की आवश्यकता नहीं है। वास्तव में ये शिक्षार्थियों को नुकसान पहुँचा सकते हैं। विश्वविद्यालय शिक्षार्थियों को बाजार में उपलब्ध इस प्रकार के गाइड की सहायता नहीं लेने की सलाह देता है।

जनवरी 2020

इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, 2020

सर्वाधिकार सुरक्षित। इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय से लिखित अनुमति के बिना इस कार्य का कोई भी हिस्सा किसी भी रूप में, मिमियोग्राफ या किसी अन्य माध्यम से पुनः प्रस्तुत नहीं किया जा सकता है।

इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रमों के बारे में अधिक जानकारी विश्वविद्यालय के कार्यालय मैदान गढ़ी, नई दिल्ली–110068 से प्राप्त की जा सकती है।

निदेशक, सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ द्वारा इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, नई दिल्ली की ओर से मुद्रित और प्रकाशित।

खंड 1

कार्यक्रम का विवरण

प्रिय शिक्षार्थी,

इग्नू से स्नातक उपाधि कार्यक्रम में आपका स्वागत है। आप मुक्त एवं दूरस्थ माध्यम से शिक्षा प्रदान करने वाली दुनिया की सबसे बड़ी विश्वविद्यालय में शामिल हो गए हैं अतः यह आवश्यक है कि आप विश्वविद्यालय और इसकी कार्यप्रणाली के बारे में अच्छी तरह से जान लें। जिस कार्यक्रम में आप शामिल हुए हैं उसके बारे में और विश्वविद्यालय द्वारा दिए जाने वाले निर्देश के बारे में विस्तार से जानने के लिए भी आप उत्सुक होंगे। यह कार्यक्रम निर्देशिका आपको आवश्यक जानकारी देता है जो विश्वविद्यालय को जानने और कार्यक्रम को जारी रखने में आपकी सहायता करेगा। इसलिए हमारी सलाह है कि जब तक आप कार्यक्रम को पूरा न कर लें, तब तक इस कार्यक्रम निर्देशिका को सुरक्षित रखें।

कार्यक्रम निर्देशिका का दूसरा भाग इस कार्यक्रम में शामिल सभी कोर्स के पाठ्यक्रमों के बारे में जानकारी देता है। यह आपको अन्य बातों के अलावा, विषय विशिष्ट ऐच्छिक, सामान्य ऐच्छिक और कौशल संवर्धन पाठ्यक्रमों में आपकी रुचि, आवश्यकता और कैरियर के लक्ष्यों को पूरा करने में मदद करेगा।

कार्यक्रम समन्वयक,
बी.ए. (हिंदी) ऑनर्स,

1. विश्वविद्यालय

इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) विश्व का सबसे बड़ा विश्वविद्यालय है। यह 1985 में संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित एक केंद्रीय विश्वविद्यालय है, जिसका उद्देश्य सूचना संचार प्रौद्योगिकी सहित विभिन्न माध्यमों से सीखने और ज्ञान को आगे बढ़ाना और प्रचारित करना है। इसका उद्देश्य जनसंख्या के एक बड़े हिस्से को उच्च शिक्षा के लिए अवसर प्रदान करना है और बड़े समाज की शैक्षिक भलाई को बढ़ावा देना है।

विश्वविद्यालय ने समावेशी शिक्षा के माध्यम से एक शिक्षित समाज बनाने के लिए लगातार प्रयास किया है। इसने मुक्त और दूरस्थ शिक्षण (ओडीएल) के माध्यम से उच्च गुणवत्ता वाले शिक्षण की पेशकश करके उच्च शिक्षा प्रदान की है।

अपेक्षाकृत काफी कम समय में इग्नू ने उच्च शिक्षा, सामुदायिक शिक्षा, विस्तार गतिविधियों और निरंतर व्यावसायिक विकास के क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। दूरस्थ शिक्षा में एक विश्व नेता के रूप में, इसे राष्ट्रमंडल शिक्षा (सीओएल), कनाडा द्वारा उत्कृष्टता के पुरस्कार से कई बार सम्मानित किया गया है।

इग्नू अपने 21 विद्यापीठ और 67 क्षेत्रीय केंद्रों (भारतीय सेना, नौसेना और असम राइफल्स के लिए 11 मान्यता प्राप्त क्षेत्रीय केंद्रों सहित) और 3500 सक्रिय अध्ययन केंद्रों (ओएससी) के नेटवर्क के माध्यम से अपना शैक्षणिक कार्यक्रम चलाता है। विश्वविद्यालय का विदेश में 12 अध्ययन केंद्रों का नेटवर्क भी है।

अध्ययन के 21 विद्यापीठ जो विभिन्न स्तरों पर शैक्षणिक कार्यक्रमों और पाठ्यक्रमों का डिजाइन और विकास करते हैं :

- कृषि विद्यापीठ (एसओए)
- कंप्यूटर और सूचना विज्ञान विद्यापीठ (एसओसीआईएस)
- सतत शिक्षा विद्यापीठ (एसओसीई)
- शिक्षा विद्यापीठ (एसओई)
- अभियंत्रण एवं तकनीक विद्यापीठ (एसओईटी)
- विस्तार एवं विकास अध्ययन विद्यापीठ (एसओईडीएस)
- विदेशी भाषा विद्यापीठ (एसओएफएल)
- जेंडर एवं विकास अध्ययन विद्यापीठ (एसओजीडीएस)
- स्वास्थ्य विज्ञान विद्यापीठ (एसओएचएस)
- मानविकी विद्यापीठ (एसओएच)
- अंतर–अनुषासिक एवं परा विषयक अध्ययन विद्यापीठ (एसओआईटीएस)
- पत्रकारिता एवं नवीन मीडिया अध्ययन विद्यापीठ (एसओजेएनएमएस)
- विधि विद्यापीठ (एसओएल)
- प्रबंधन अध्ययन विद्यापीठ (एसओएमएस)
- प्रदर्शन और दृश्य कला विद्यापीठ (एसओपीवीए)
- विज्ञान विद्यापीठ (एसओएस)

- सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ (एसओएससस)
- सामाजिक कार्य विद्यापीठ (एसओएसडब्ल्यु)
- पर्यटन और आतिथ्य सेवा प्रबंध विद्यापीठ (एसओटीएचएसएम)
- अनुवाद अध्ययन एवं प्रशिक्षण विद्यापीठ (एसओटीएसटी)
- व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण विद्यापीठ (एसओवीईटी)

वर्तमान में, इग्नू अपने स्कूल ऑफ स्टडीज के माध्यम से सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, बैचलर डिग्री, मास्टर डिग्री और डॉक्टोरल डिग्री के स्तर पर दो सौ अकादमिक, व्यावसायिक, पेशेवर, जागरूकता पैदा करने और कौशल–उन्मुख कार्यक्रमों उपलब्ध करा रहा है।

विश्वविद्यालय बहु–चैनल, निर्देश और स्व–शिक्षण के लिए बहु–मीडिया पैकेज प्रदान करता है। शिक्षण/अध्ययन के लिए उपयोग किए जाने वाले विभिन्न घटकों में स्वयं शिक्षण के प्रिंट और ऑडियो–वीडियो सामग्री, रेडियो और टेलीविजन प्रसारण, आमने–सामने काउंसिलिंग/टयूटोरिंग, प्रयोगशाला का अनुभव, टेलीकॉन्फ्रेंसिंग, वीडियो कॉन्फ्रेंस, इंटरैक्टिव मल्टीमीडिया सीडी, इंटरनेट आधारित शिक्षा, फोन पर उपयोग होने वाले संदेश और ई–सामग्री शामिल हैं।

वर्तमान में, विश्वविद्यालय द्वारा एक इंटरैक्टिव मल्टीमीडिया समर्थित ऑनलाइन शिक्षण विकसित करने के साथ–साथ पारंपरिक दूरस्थ शिक्षा के लिए आधुनिक प्रौद्योगिकी–सक्षम शिक्षा के साथ मिश्रित शिक्षा के ढाँचे के भीतर मूल्य जोड़ने पर बल दिया जा रहा है। विश्वविद्यालय की नई पहलों में शामिल हैं– स्वयं (एसडब्ल्यूएवाईएएम) आधारित बड़े पैमाने पर मुक्त ऑनलाइन पाठ्यक्रम (एमओओसी), शोध गंगा (यूजीसी प्रोजेक्ट) 247 स्वयंप्रभा, राष्ट्रीय डिजिटल पुस्तकालय (एमएचआरडी प्रोजेक्ट), डिजिटल अध्ययन सामग्री के लिए ई–ज्ञानकोश और इग्नू ई–सामग्री ऐप्प।

2. बी.ए. (हिंदी) ऑनर्स

जनवरी, 2020 शैक्षणिक सत्र के साथ, इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय ने स्नातक स्तर पर चयन आधारित क्रेडिट प्रणाली को अपनाया है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा शुरू की गई चयन आधारित क्रेडिट प्रणाली छात्रों को उनकी आवश्यकताओं और रुचियों के आधार पर उनकी पसंद के उपखंडों/पाठ्यक्रमों का अध्ययन करने के लिए लचीलापन प्रदान करता है।

हालाँकि इग्नू क्रेडिट आधारित शैक्षणिक कार्यक्रमों को व्यापक रूप से पाठ्यक्रमों के साथ प्रस्तुत करने में सर्वप्रथम रहा है। अब यह सेमेस्टर प्रणाली और ग्रेड के आधार पर मूल्यांकन प्रणाली भी अपना रहा है।

बी.ए. (हिंदी) ऑनर्स कार्यक्रम एक व्यापक कार्यक्रम है। इसका कोड बी.ए.एच.डी.एच (BAHDH) है। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यापीठों से अध्ययन के कई विषय और पाठ्यक्रम शामिल हैं। निम्नलिखित विषय इस कार्यक्रम के अध्ययन क्षेत्र में शामिल हैं :

1) मानव विज्ञान
2) हिंदी
3) मनोविज्ञान
4) समाजशास्त्र
5) जेंडर अध्ययन

बी.ए. हिंदी ऑनर्स निम्नलिखित श्रेणियों से निर्मित 148 क्रेडिट वाला कार्यक्रम है :

i) अनिवार्य पाठ्यक्रम (Core Course)
ii) विषय विशिष्ट ऐच्छिक (Discipline specific elective course)
iii) योग्यता संवर्धन अनिवार्य पाठ्यक्रम (Ability enhancement compulsory course)
iv) कौशल संवर्धन पाठ्यक्रम (Skill enhancement course)
v) सामान्य ऐच्छिक (Generic elective course)

कार्यक्रम को तीन साल (छह सेमेस्टर) की न्यूनतम अवधि में या छह साल की अधिकतम अवधि में प्रत्येक श्रेणी के तहत आवश्यक संख्या में क्रेडिट अर्जित करके पूरा किया जा सकता है। प्रत्येक श्रेणी के तहत क्रेडिट की आवश्यक संख्या इस प्रकार है : अनिवार्य पाठ्यक्रम के 84 क्रेडिट, विषय विशिष्ट ऐच्छिक के 24 क्रेडिट, योग्यता संवर्धन अनिवार्य पाठ्यक्रम के 8 क्रेडिट, कौशल संवर्धन पाठ्यक्रम के 8 क्रेडिट और सामान्य ऐच्छिक के 24 क्रेडिट। बी.ए. ऑनर्स पाठ्यक्रम कुल मिलाकर 148 क्रेडिट का है।

एक क्रेडिट 30 घंटे के अध्ययन के समय के समतुल्य है, जिसमें शिक्षण की सारी गतिविधियाँ शामिल हैं (यानी प्रिंट सामग्री को पढ़ना और समझना, ऑडियो सुनना, वीडियो देखना, परामर्श सत्र में भाग लेना, टेलीकॉन्फ्रेंसिंग और सत्रीय कार्य लिखना)। इस कार्यक्रम के अधिकांश पाठ्यक्रम (सीसी, डीएसई और जीई) छह क्रेडिट के हैं। इसका मतलब है कि आपको इनमें से प्रत्येक पाठ्यक्रम को पूरा करने के लिए 180 घंटे का समय अध्ययन में लगाना होगा। कार्यक्रम में योग्यता और कौशल संवर्धन पाठ्यक्रम भी हैं, जिनमें से प्रत्येक चार क्रेडिट यानि 120 घंटे (480) अध्ययन समय के हैं। छह सेमेस्टर वाले कार्यक्रम के प्रत्येक सेमेस्टर में विभिन्न प्रकार के पाठ्यक्रमों का मिश्रण है। इस छह सेमेस्टर के कार्यक्रम में अनेक तरह के पाठ्यक्रमों का अध्ययन कराया जाएगा। तालिका 1.1 में कार्यक्रम के छह सेमेस्टर में विभिन्न प्रकार के पाठ्यक्रमों के विवरणों को दर्शाया है :

तालिका 1.1

सेमेस्टर	अनिवार्य पाठ्यक्रम (सीसी) (6 क्रेडिट)	विषय विनिर्दिष्ट ऐच्छिक (डीएसई) (6 क्रेडिट)	योग्यता संवर्धन पाठ्यक्रम (एईसीसी) (4 क्रेडिट)	कौशल संवर्धन अनिवार्य पाठ्यक्रम (एसईसी) (4 क्रेडिट.)	जेनेरिक ऐच्छिक (जीई) (6 के.)	कुल क्रेडिट प्रति सेमेस्टर
I	अनिवार्य पाठ्यक्रम 1 अनिवार्य पाठ्यक्रम 2		बीईवीएई 181		बीएसओजी 171	22 क्रेडिट
II	अनिवार्य पाठ्यक्रम 3 अनिवार्य पाठ्यक्रम 4		बीएचडीएई 182		बीएसओजी 172	22 क्रेडिट
III	अनिवार्य पाठ्यक्रम 5 अनिवार्य पाठ्यक्रम 6 अनिवार्य पाठ्यक्रम 7			बीएएनएस 183	बीएसओजी 173	28 क्रेडिट
IV	अनिवार्य पाठ्यक्रम 8 अनिवार्य पाठ्यक्रम 9 अनिवार्य पाठ्यक्रम 10			बीपीसीएस 186	बीपीसीजी 174	28 क्रेडिट
V	अनिवार्य पाठ्यक्रम 11 अनिवार्य पाठ्यक्रम 12	विषय विशिष्ट ऐच्छिक पाठ्यक्रम 1 विषय विशिष्ट ऐच्छिक पाठ्यक्रम 2				24 क्रेडिट
VI	अनिवार्य पाठ्यक्रम 13 अनिवार्य पाठ्यक्रम 14	विषय विशिष्ट ऐच्छिक पाठ्यक्रम 4 विषय विशिष्ट ऐच्छिक पाठ्यक्रम 5				24 क्रेडिट
कुल	**84 क्रेडिट**	**24 क्रेडिट**	**8 क्रेडिट**	**8 क्रेडिट**	**24 क्रेडिट**	**148 क्रेडिट**

2.1 अनिवार्य पाठ्यक्रम (CC) : इन पाठ्यक्रमों का उद्देश्य हिंदी भाषा और साहित्य की मजबूत आधार का निर्माण करना है। ये पाठ्यक्रम कार्यक्रम के छह सेमेस्टरों में विभाजित किए गए हैं। वे आपको भाषा और साहित्य से परिचित कराते हुए हिंदी साहित्य के क्षेत्र में एक मजबूत आधार बनाने में सहायक है। प्रत्येक अनिवार्य पाठ्यक्रम छह क्रेडिट का है।

2.2 विषय विशिष्ट वैकल्पिक पाठ्यक्रम (DSE) का आप कार्यक्रम के तृतीय वर्ष के पाँचवें और छठे सेमेस्टर में अध्ययन करेंगे। यह छह क्रेडिट पाठ्यक्रम प्रकृति में अंतर–विषयक हैं। विषय विशिष्ट ऐच्छिक (डीएसई) पाठ्यक्रम में तीन विषय के विस्तृत तथा गहन अध्ययन पर आधारित है। पाँचवें में तथा छठे सेमेस्टर में तीन विषय विशिष्ट पाठ्यक्रमों में से आपको कोई दो–दो पाठ्यक्रम चुनने हैं।

2.3 प्रत्येक योग्यता संवर्धन पाठ्यक्रम (AECC) चार क्रेडिट के हैं। जैसा कि नाम से पता चलता है, योग्यता संवर्धन अनिवार्य पाठ्यक्रम (एईसीसी) सभी शिक्षार्थियों के लिए अनिवार्य है। बी.ए. (हिंदी) ऑनर्स कार्यक्रम में कुल दो एईसीसी प्रस्तावित हैं। पहले सेमेस्टर में एक और दूसरे सेमेस्टर में एक। पहला एईसीसी एक जागरूकता पाठ्यक्रम है, जिसका उद्देश्य शिक्षार्थियों को पर्यावरणीय मुद्दों से रूबरू कराना और स्थानीय, राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर पर्यावरण संबंधी चिंताओं को दूर करने के लिए उनकी नीतियों और प्रथाओं से परिचित कराना है। दूसरे सेमेस्टर में उपलब्ध अन्य योग्यता संवर्धन अनिवार्य पाठ्यक्रम (एईसीसी) BHDAE 182 –**हिंदी भाषा और संप्रेषण** है। ये पाठ्यक्रम शिक्षार्थियों को संचार के सिद्धांत, बुनियादी बातों और उपकरणों से परिचित कराते हैं और उनमें व्यक्तिगत, सामाजिक और व्यावसायिक बातचीत के लिए महत्वपूर्ण संचार कौशल विकसित करते हैं।

2.4 कौशल संवर्धन पाठ्यक्रम (SEC) भी क्षमता वृद्धि पाठ्यक्रम है जो दैनिक जीवन के क्षेत्र में निर्धारित विशिष्ट कौशल का निर्माण करते हैं। इन्हें तीसरे और चौथे सेमेस्टर में लिया जा सकता है। कौशल संवर्धन पाठ्यक्रम 4 क्रेडिट के हैं।

2.5 सामान्य ऐच्छिक (GE) : सामान्य ऐच्छिक (जीई) अन्य प्रकार के ऐच्छिक हैं जो कार्यक्रम के पहले, दूसरे, तीसरे और चौथे सेमेस्टर में उपलब्ध होंगे। प्रत्येक पाठ्यक्रम 6 क्रेडिट का है। सामान्य ऐच्छिक पाठ्यक्रम प्रकृति में अंतर–अनुशासनात्मक है। पहले चार सेमेस्टर (4 पाठ्यक्रम × 6 क्रेडिट) में से प्रत्येक में एक पाठ्यक्रम के साथ, सामान्य ऐच्छिक पाठ्यक्रम प्रस्तावित है। पहले तथा दूसरे सेमेस्टर में 22 क्रेडिट के अंतर्गत तथा तीसरे एवं चौथे सेमेस्टर के अंतर्गत 28 क्रेडिट के लिए उपलब्ध कराया गया है। इनके अंतर्गत आप समाजशास्त्र तथा मनोविज्ञान विषय के विशिष्ट पाठ्यक्रमों का अध्ययन करेंगे।

बी.ए. (हिंदी) ऑनर्स कार्यक्रम के लिए पाठ्यक्रमों की विषयवार सूची

सेमेस्टर	अनिवार्य पाठ्यक्रम (सीसी) (6 क्रेडिट)	विषय विनिर्दिष्ट ऐच्छिक (डीएसई) (6 क्रेडिट)	योग्यता संवर्धन पाठ्यक्रम (एईसीसी) (4 क्रेडिट)	कौशल संवर्धन अनिवार्य पाठ्यक्रम (एसईसी) (4 क्रेडिट)	जेनेरिक ऐच्छिक (जीई) (6 क्रेडिट)	कुल क्रेडिट प्रति सेमेस्टर
I	बीएचडीसी 101 बीएचडीसी 102		बीईवीएई 181		बीएसओजी 171	22 क्रेडिट
II	बीएचडीसी 103 बीएचडीसी 104		बीएचडीएई 182		बीजीडीजी 172	22 क्रेडिट
III	बीएचडीसी 105 बीएचडीसी 106 बीएचडीसी 107			बीएएनएस 183	बीएसओजी 173	28 क्रेडिट
IV	बीएचडीसी 108 बीएचडीसी 109 बीएचडीसी 110			बीपीसीएस 186	बीपीसीजी 174	28 क्रेडिट
V	बीएचडीसी 111 बीएचडीसी 112	बीएचडीई 141 बीएचडीई 143				24 क्रेडिट
VI	बीएचडीसी 113 बीएचडीसी 114	बीएचडीई 142 बीएचडीई 144				24 क्रेडिट
कुल	**84 क्रेडिट**	**24 क्रेडिट**	**8 क्रेडिट**	**8 क्रेडिट**	**24 क्रेडिट**	**148 क्रेडिट**

3. आपके स्नातक अध्ययन की योजना

बी.ए. (हिंदी) ऑनस कार्यक्रम पाठ्यक्रमों को पूर्ण करने के लिए पाठ्यक्रम और अवधि में लचीलापन और खुलापन प्रदान करता है। आपको इस लचीलेपन का पूरा फायदा उठाना चाहिए। तीन साल की न्यूनतम अवधि के भीतर इस कार्यक्रम के सभी 148 क्रेडिट को पूरा करने के अपने लक्ष्य को पाने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने की आवश्यकता है। यदि किसी भी कारण से आप तीन वर्षों के भीतर कार्यक्रम को पूरा करने में असमर्थ हैं, तो कृपया ध्यान दें कि कार्यक्रम के लिए आपका पंजीकरण छह साल के लिए वैध है और आप पुनः दाखिले के लिए आवेदन करके अतिरिक्त दो वर्ष प्राप्त कर सकते हैं।

जैसा कि पहले ही उल्लेख किया गया है इस कार्यक्रम का प्रत्येक क्रेडिट 30 घंटे के अध्ययन के बराबर है, जिसमें सभी शिक्षण गतिविधियाँ शामिल हैं (जैसे–मुद्रित अध्ययन सामग्री को पढ़ना और समझना, ऑडियो सुनना, वीडियो देखना, परामर्श सत्र में भाग लेना, टेलीकांफ्रेंसिंग और सत्रीय कार्य लिखना)। इसका मतलब है कि आपको छह–क्रेडिट पाठ्यक्रम के लिए लगभग 180 घंटे और चार क्रेडिट पाठ्यक्रम के लिए 120 घंटे

अध्ययन करना होगा। आपको इस कार्यभार को ध्यान में रखते हुए अपने अध्ययन का समय तय करना होगा। इसका मतलब है कि आपको साल में कम से कम 300 दिन प्रतिदिन लगभग साढ़े चार घंटे अध्ययन करना होगा।

यदि आप अपने आप को इस कार्यक्रम में पूरी तरह से समर्पित नहीं कर पा रहे हैं, तो आपको एक विशेष सेमेस्टर/वर्ष के लिए अपने लक्ष्य निर्धारित करने चाहिए। यदि आपको लगता है कि एक वर्ष के 44/56 या 48 क्रेडिट के बजाए, आप एक वर्ष में केवल 30 क्रेडिट का अध्ययन ही करना चाहते हैं तो वर्ष की शुरूआत से उसके अनुसार योजना बनाएँ। केवल चयनित पाठ्यक्रमों का अध्ययन करें। केवल उन पाठ्यक्रमों के सत्रीय कार्य करें जिनके लिए आप सत्रांत परीक्षा (टीईई) में शामिल होना चाहते हैं। बाकी को अगले साल के लिए रखें। अगले वर्ष फिर से, उस वर्ष के दो सेमेस्टर के लिए अपने लक्ष्य तय करें। जब भी आप पिछले सेमेस्टर/वर्ष के पाठ्यक्रम को पूरा करने का निर्णय लेते हैं और मूल्यांकन के लिए सत्रीय कार्य नहीं जमा करते हैं तो सुनिश्चित करें कि आप उस पाठ्यक्रम के लिए वर्तमान वर्ष का सत्रीय कार्य करते हैं और उन्हें सत्रांत परीक्षा में उपस्थित होने के लिए निर्धारित अनुसूची के अनुसार जमा करते हैं। एक उचित योजना के माध्यम से आप अपनी सुविधा के अनुसार इस कार्यक्रम को पूरा कर सकते हैं।

4. फीस की संरचना और भुगतान की अनुसूची

फीस की संरचना :

हिंदी स्नातक (ऑनर्स) कार्यक्रम के लिए प्रति वर्ष 3200/–रु. की दर से कुल 9600/– रु. की फीस है। पहले वर्ष में 3200/–रु. के साथ पंजीकरण शुल्क के रूप में 200/–. का भी भुगतान करना होता है।

कार्यक्रम शुल्क का भुगतान केवल ऑनलाइन मोड से डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड के माध्यम से किया जाना चाहिए। एक बार भुगतान किया गया शुल्क वापस नहीं किया जाता है।

विश्वविद्यालय कार्यक्रम शुल्क को संशोधित कर सकता है। उस स्थिति में, विश्वविद्यालय द्वारा अधिसूचित भुगतान के कार्यक्रम के अनुसार संशोधित शुल्क आपके द्वारा देय होगा।

हालाँकि बी.ए. (हिंदी) ऑनर्स कार्यक्रम एक सेमेस्टर आधारित कार्यक्रम है, लेकिन पंजीकरण वार्षिक रूप से किया जाता है। जैसे आपने कार्यक्रम की शुरूआत में पहले दो सेमेस्टर के लिए पंजीकरण किया है। आपको शैक्षणिक वर्ष की शुरूआत में दूसरे वर्ष (तीसरे और चौथे सेमेस्टर) और तीसरे वर्ष (चौथे और पांचवें सेमेस्टर) के लिए नीचे दिए गए कार्यक्रम के अनुसार फिर से पंजीकरण कराना होगा।

पुनः पंजीकरण के लिए अनुसूची

शिक्षार्थियों को समय–समय पर विश्वविद्यालय द्वारा अधिसूचित कार्यक्रम के अनुसार वेब पोर्टल www.ignou.ac.in पर केवल ऑनलाइन माध्यम से पुनः पंजीकरण (आरआर) फॉर्म जमा करने की सलाह दी जाती है। कार्यक्रम शुल्क का भुगतान प्रत्येक वर्ष की शुरूआत में केवल डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/नेट बैंकिंग के माध्यम से ऑनलाइन मोड द्वारा किया जाना है।

कार्यक्रम की फीस का समय पर भुगतान शिक्षार्थी की जिम्मेदारी है। शिक्षार्थी से अपेक्षा की जाती है कि वह अंतिम तिथि की प्रतीक्षा किए बिना जितनी जल्दी हो सके फीस जमा कर दें। फीस का भुगतान न करने पर अध्ययन सामग्री नहीं मिलेगी और परीक्षा में बैठने की अनुमति भी नहीं दी जाएगी। इसके परिणामस्वरूप

प्रवेश रद्द भी हो सकता है। यदि कोई शिक्षार्थी किसी पाठ्यक्रम के लिए उचित पंजीकरण के बिना जानबूझकर परीक्षा में बैठता है तो विश्वविद्यालय के नियमों के अनुसार उसके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

5. शिक्षण प्रणाली

विश्वविद्यालय द्वारा अपनाई गई शिक्षा पद्धति पारंपरिक विश्वविद्यालयों से भिन्न है। मुक्त विश्वविद्यालय प्रणाली अधिक शिक्षाप्रद है जिसमें शिक्षार्थी पढ़ने–सीखने की प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भागीदार होते हैं। अधिकांश निर्देश आमने–सामने संचार के बजाय दूरस्थ माध्यम से दिए जाते हैं।

विश्वविद्यालय, अध्ययन के लिए एक मल्टी–मीडिया दृष्टिकोण का अनुसरण करता है। इसमें शामिल हैं :

- स्व–शिक्षण सामग्री
- रेडियो और टीवी से प्रसारित ऑडियो–वीडियो कार्यक्रम
- टेलीकॉन्फ्रेंसिंग सत्र
- अध्ययन केंद्रों पर शैक्षिक परामर्शदाता के साथ आमने सामने परामर्श सत्र
- सत्रीय कार्य

5.1 अध्ययन सामग्री

पाठ्यक्रम सामग्री, मुद्रित या ईबुक के प्रारूप में, निर्देश का प्राथमिक रूप है। आपको मुख्य रूप से पाठ्यक्रम सामग्री पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए जो आपको पुस्तकों या ईबुक के रूप में भेजी जाती है। पाठयक्रम सामग्री सत्रीय कार्य को हल करने और सत्रांत परीक्षा (टीईई) के लिए तैयारी करने के लिए पर्याप्त होती है। हालाँकि हम आपको अतिरिक्त सामग्री, विशेष रूप से उन पुस्तकों को पढ़ने का सुझाव देते हैं जो पाठ्यक्रम सामग्री में दिए गए विषय के गहन अध्ययन से संबद्ध होती है।

विश्वविद्यालय द्वारा तैयार की गई सामग्री की प्रकृति स्व–शिक्षणात्मक है। प्रत्येक पाठ्यक्रम एक ही पुस्तक या ईबुक के रूप में मुद्रित किया जाता है। पाठ्यक्रम को कई खंडों में विभाजित किया जाता है। एक छह क्रेडिट पाठ्यक्रम में आमतौर पर चार से पाँच खंड होते हैं। प्रत्येक खंड में इकाइयाँ होती हैं। (न्यूनतम दो से अधिकतम पाँच इकाइयाँ)। आम तौर पर एक खंड में शामिल इकाइयों में एक विषयगत एकात्मता होती है। पुस्तक का परिचय खंड, पाठ्यक्रम, उसके उद्देश्यों, सामग्री का अध्ययन करने के लिए दिशा–निर्देश के रूप में होता है। खंड परिचय, खंड के साथ–साथ उस खंड की प्रत्येक इकाई के मुख्य बिंदुओं के बारे में बताता है।

प्रत्येक इकाई का निर्माण स्व–अध्ययन की सुविधा को ध्यान में रखकर किया गया है। प्रत्येक इकाई का उद्देश्य सीखने के उद्देश्य से शुरू होता है जिसकी आपको इकाई से सीखने की अपेक्षा की जाती है। प्रस्तावना में इकाई के प्रमुख विषय की जानकारी दी जाती है। इसके बाद मुख्य पाठ होता है, जिसे विभिन्न खंडों और उपखंडों में विभाजित किया जाता है। प्रत्येक खंड के अंत में हमने बोध प्रश्न शीर्षक के तहत स्व–मूल्यांकन के लिए प्रश्न प्रदान किए हैं। आपको इस भाग का भली–भाँति उपयोग करने का प्रयास करना चाहिए, क्योंकि यह आपका आकलन करने में मदद करेगा और आपकी विषय संबंध समझ की जाँच करेगा। बोध प्रश्न के प्रश्न केवल आपके अभ्यास के लिए हैं, मूल्यांकन के लिए इन प्रश्नों के उत्तर विश्वविद्यालय को प्रस्तुत नहीं करने चाहिए। इकाई के अंत में 'बोध प्रश्न' के अभ्यास के संकेत दिए गए हैं।

हमने कई स्थानों पर पूरे उत्तर प्रदान नहीं किए हैं, क्योंकि हम आपको अपने शब्दों में लिखने के लिए प्रोत्साहित करना चाहते हैं।

अनुभाग 'सारांश' इकाई में की गई चर्चा का एक संक्षिप्त विवरण देता है। यह सारांश आपको इकाई में शामिल मुख्य बिंदुओं को याद करने में मददगार होता है। प्रत्येक इकाई संदर्भ के साथ समाप्त होती है जो उन पुस्तकों और लेखों की सूची देती है इकाई तैयार करने में जिनसे मदद ली गई है। इसके अलावा, प्रत्येक खंड/पाठ्यक्रम में उपयोगी पुस्तकों की एक सूची दी जाती है। इस खंड में सूचीबद्ध कुछ पुस्तकें अध्ययन केंद्र के पुस्तकालय में भी उपलब्ध कराई जाती हैं।

स्वशिक्षण सामग्री को समझने के लिए, इकाइयों को ध्यान से पढ़ें और महत्वपूर्ण बिंदुओं को नोट करें। आप नोट बनाने और अपनी टिप्पणी लिखने के लिए मुद्रित पृष्ठों के मार्जिन में दिए स्थान का उपयोग कर सकते हैं। इकाइयों को पढ़ते समय, आप कठिन शब्दों को चिन्हित कर सकते हैं और शब्दकोश से ऐसे शब्दों के अर्थ समझ सकते हैं। यदि आपको तब भी कुछ समझ में नहीं आता, तो स्पष्टीकरण के लिए अध्ययन केंद्र में परामर्श सत्र के दौरान अपने परामर्शदाता से परामर्श करें।

अध्ययन सामग्री का प्रेषण

पंजीकरण की ऑनलाइन प्रक्रिया पूरी होते ही सामग्री का प्रेषण शुरू हो जाता है। आप कार्यक्रम के लिए पंजीकरण के समापन के एक महीने के भीतर अपनी अध्ययन सामग्री प्राप्त करने की उम्मीद कर सकते हैं। यदि कोई पाठ्यक्रम सामग्री खो गई है या आप गलत या दोषपूर्ण सामग्री प्राप्त करते हैं, तो कृपया क्षेत्रीय केंद्र को इस बारे में बताएँ या ssc@ignou.ac.in पर छात्र सेवा केंद्र को लिखें।

जिन छात्रों ने डिजीटल संस्करण के लिए आवेदन किया है, उनके लिए विस्तृत जानकारी इग्नू की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

5.2 शैक्षणिक परामर्श

दूरस्थ शिक्षा में, शिक्षार्थियों और उनके परामर्शदाताओं के बीच आमने–सामने का संपर्क एक महत्वपूर्ण गतिविधि है। इस तरह की बातचीत का उद्देश्य आपके कुछ सवालों का जवाब देना और अपनी शंकाओं को स्पष्ट करना है, जो संचार के किसी अन्य माध्यम से संभव नहीं हो सकता। इसका उद्देश्य आपको साथी शिक्षार्थियों से मिलने का अवसर प्रदान कराना भी है। अध्ययन के लिए आपके द्वारा चुने गए पाठ्यक्रमों में अकादमिक परामर्श और मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए अध्ययन केंद्रों में अनुभवी शैक्षणिक परामर्शदाता होते हैं। प्रत्येक पाठ्यक्रम के लिए शैक्षणिक परामर्श सत्र पूरे शैक्षिक सत्र में उपयुक्त अंतराल पर आयोजित किए जाएँगे। सैद्धांतिक पाठ्यक्रमों के लिए शैक्षणिक परामर्श सत्रों में उपस्थिति अनिवार्य नहीं है, लेकिन हम आपको इन सत्रों में भाग लेने का सुझाव देंगे क्योंकि वे कुछ मामलों में उपयोगी हो सकते हैं जैसे कि शिक्षकों और साथी शिक्षार्थियों के साथ विषय पर अपने विचार साझा करना, कुछ जटिल विचार या कठिन मुद्दों को समझना और किसी भी संदेह के लिए स्पष्टीकरण प्राप्त करना। आपके अध्ययन केंद्र में आमने–सामने परामर्श प्रदान किया जाएगा। आपको ध्यान देना चाहिए कि शैक्षणिक परामर्श सत्र सामान्य कक्षा के अध्यापन या व्याख्यानों से बहुत अलग होगा। शैक्षणिक परामर्शदाता व्याख्यान या भाषण नहीं देंगे। वे कठिनाइयों को दूर करने में आपकी मदद करने की कोशिश करेंगे, जिसका आप इस कार्यक्रम के लिए अध्ययन करते समय सामना करते हैं। इन सत्रों में, आपको विषय–आधारित कठिनाइयों और ऐसी कठिनाइयों से उत्पन्न होने वाले किसी भी अन्य मुद्दों पर ध्यान देना चाहिए। इसके अलावा, उस समय उपलब्ध कुछ ऑडियो और वीडियो सामग्री परामर्श सत्रों में चलाई जाएँगी। विश्वविद्यालय सामान्यतः चार

क्रेडिट के लिए छह से सात शैक्षणिक परामर्श सत्र आयोजित करता है और छह क्रेडिट पाठ्यक्रम के लिए नौ से दस सत्र आयोजित करता है। यदि किसी अध्ययन केंद्र में 10 से कम छात्र हैं, तो गहन परामश सत्र आयोजित किए जाएँगे, जिसका मतलब है कि निर्धारित परामर्श सत्रों का 40 प्रतिशत एक सप्ताह के भीतर आयोजित किया जाएगा।

अकादमिक परामर्श सत्र में भाग लेने से पहले आप कृपया अपनी पाठ्यक्रम सामग्री का अध्ययन करें और जिन बिंदुओं पर चर्चा करनी हो उन्हें लिखकर रखें। जब तक आप इकाइयों को नहीं पढ़ेंगे, तब तक आप चर्चा करने के लिए तैयार नहीं हो सकते। प्रासंगिक और महत्वपूर्ण मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश करें। एक दूसरे के दृष्टिकोण को समझने की भी कोशिश करें। शैक्षणिक उद्देश्यों के लिए पारस्परिक सहायता प्राप्त करने के लिए आप अपने साथ के शिक्षार्थियों के साथ व्यक्तिगत संपर्क भी स्थापित कर सकते हैं। अपने शैक्षणिक परामर्शदाताओं से अधिकतम संभव सहायता प्राप्त करने का प्रयास करें।

5.3 अध्ययन केंद्र

छात्रों को प्रभावी सहायता प्रदान करने के लिए हमने पूरे देश में कई अध्ययन केंद्र स्थापित किए हैं। आपको इनमें से एक अध्ययन केंद्र आबंटित किया जाएगा जो आपके निवास स्थान या कार्य स्थल को ध्यान में रखकर किया जाता है। हालाँकि, प्रत्येक अध्ययन केंद्र केवल सीमित संख्या में छात्रों को संभाल सकता है और हमारे सर्वोत्तम प्रयासों के बावजूद, यह हमेशा संभव नहीं हो सकता कि आपको अपनी पसंद का अध्ययन केंद्र आबंटित हो सके। आपको आबंटित अध्ययन केंद्र के बारे में बता दिया जाएगा।

हर अध्ययन केंद्र में होगा :

- एक समन्वयक जो केंद्र की सारी गतिविधियों का समन्वय करेगा।
- अंशकालिक आधार पर नियुक्त एक सहायक समन्वयक और अन्य सहायक कर्मचारी।
- आपके द्वारा चुने गए पाठ्यक्रमों में आपको परामर्श और मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए विभिन्न पाठ्यक्रमों में शैक्षणिक परामर्शदाता।

अध्ययन केंद्र में छह प्रमुख कार्य होंगे :

सत्रीय कार्य का मूल्यांकन : अध्ययन केंद्र में विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए नियुक्त किए गए शैक्षणिक परामर्शदाताओं के द्वारा सत्रीय कार्य (टीएमए) का मूल्यांकन किया जाएगा। ये सत्रीय कार्य आपको परामर्शदाता की टिप्पणियों और प्राप्त अंकों के साथ वापस कर दिए जाएँगे। ये टिप्पणियाँ आपकी पढ़ाई में मदद करेंगी।

पुस्तकालय : प्रत्येक पाठ्यक्रम के लिए, 'उपयोगी पुस्तकें' के तहत सुझाई गई कुछ किताबें अध्ययन केंद्र के पुस्तकालय में उपलब्ध होंगी। पुस्तकालय में सभी ऑडियो और वीडियो टेप भी उपलब्ध होती हैं।

सूचना और सलाह : अध्ययन केंद्र में आपको विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान किए जाने वाले पाठ्यक्रमों, शैक्षणिक परामर्श कार्यक्रम, परीक्षा कार्यक्रम आदि के बारे में प्रासंगिक जानकारी मिलेगी। आपको अपने वैकल्पिक और आवेदन उन्मुख पाठ्यक्रमों को चुनने में भी मार्गदर्शन मिलेगा।

ऑडियो–वीडियो कार्यक्रम : अनुपूरक अध्ययन सामग्री के रूप में विश्वविद्यालय ऑडियो और वीडियो कार्यक्रम तैयार करता है। इनको सुनने और देखने–सुनने से आपका ज्ञान क्षितिज विस्तृत होगा। अध्ययन

केंद्र आपको विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए तैयार किए गए ऑडियो और वीडियो सामग्रियों का उपयोग करने में सहायता प्रदान करने के लिए ऑडियो–वीडियो सुविधाओं से सुसज्जित होता है। प्रत्येक कार्यक्रम की सामग्री का वर्णन करते हुए मीडिया नोट्स भी अध्ययन केंद्र पर उपलब्ध होंगे। इससे आपको प्रत्येक कार्यक्रम की सामग्री को जानने में मदद मिलेगी।

साथी शिक्षार्थियों के साथ बातचीत : अध्ययन केंद्र आपको साथी शिक्षार्थियों के साथ बातचीत करने का अवसर देता है। अध्ययन केंद्र आपके लिए एक संपर्क केंद्र भी है। विश्वविद्यालय व्यक्तिगत रूप से सभी छात्रों को सभी जानकारी नहीं भेजा सकता है। सभी महत्वपूर्ण जानकारी अध्ययन केंद्रों के और क्षेत्रीय निदेशकों समन्वयक को सूचित की जाती है। समन्वयक सभी महत्वपूर्ण सूचनाओं को शिक्षार्थियों के लाभ के लिए अध्ययन केंद्र के नोटिस बोर्ड पर लगाएँगे। इसलिए, आपको सत्रांत कार्यों के बारे में दिन–प्रतिदिन की जानकारी, परीक्षा फॉर्म जमा करने, सत्रांत परीक्षा की डेट–शीट, परिणाम की घोषणा आदि के लिए आपने अध्ययन केंद्र के संपर्क में रहने की सलाह दी जाती है।

5.4 रेडियो के माध्यम से परामर्श

विश्वविद्यालय में पूरे भारत में ऑल इंडिया रेडियो नेटवर्क के माध्यम से इंटरैक्टिव काउंसिलिंग की सुविधा है। आप अपने क्षेत्र के रेडियो स्टेशन में ट्यूनिंग करके इसमें भाग ले सकते हैं। इस परामर्श के लिए विभिन्न विषय क्षेत्रों के विशेषज्ञ उपलब्ध होते हैं। छात्र टेलीफोन का उपयोग करके इन विशेषज्ञों के समक्ष अपने प्रश्न रख सकते हैं। टेलीफोन नंबरों की घोषणा संबंधित रेडियो स्टेशनों द्वारा की जाती है। यह परामर्श सप्ताह के सभी दिन उपलब्ध रहते हैं। इंटरैक्टिव रेडियो कार्यक्रम (आई आर सी) के प्रत्येक सत्र का केंद्रित विषय विश्वविद्यालय की वेबसाइट के ज्ञानवाणी अनुभाग में उपलब्ध होगा।

5.5 ज्ञान दर्शन

दूरदर्शन के सहयोग से इग्नू के पास अब ज्ञान दर्शन नामक एक विशेष शैक्षणिक टीवी चैनल है। यह केवल टीवी नेटवर्क के माध्यम से उपलब्ध है। चैनल हर दिन 24 घंटे शैक्षणिक कार्यक्रमों का प्रसारण करता है। सीधा (लाइव) प्रसारण दोपहर में 3 से 5 बजे तक होता है और रात में 8 से 10 बजे तक इसका पुनः प्रसारण किया जाता है। इग्नू के कार्यक्रमों के अलावा, इसमें विभिन्न राष्ट्रीय शिक्षा संस्थानों द्वारा निर्मित शैक्षणिक कार्यक्रम होते हैं। आपको अपने केवल ऑपरेटर के माध्यम से इस तक पहुँचने की कोशिश करनी चाहिए। कार्यक्रमों और लाइव सत्रों की अनुसूची अध्ययन केंद्रों पर एक महीने पहले उपलब्ध होती है। आप विश्वविद्यालय की वेबसाइट से कार्यक्रमों और लाइव सत्रों की अनुसूची भी प्राप्त कर सकते हैं।

वर्तमान में, ज्ञानदर्शन चैनल निम्नलिखित डीटीएच प्लेटफार्मों पर उपलब्ध है :

क्रमांक	डीटीएच प्लेटफॉम	टीवी चैनल नंबर
1.	एअरटेल	442
2.	टाटा स्काई	755
3.	सन डाइरेक्ट	596
4.	डेन	526
5.	इन डिजिटल	297
6.	हैथवे	473
7.	इनडिपेंडेंट टीवी	566

5.6 ज्ञान वाणी

ज्ञान वाणी एक शैक्षणिक एफएम रेडियो नेटवर्क है जो प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा, वयस्क शिक्षा, तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा, उच्च शिक्षा और विस्तार शिक्षा सहित शिक्षा के विभिन्न पहलुओं और सतरों को कवर करने वाले कार्यक्रम प्रदान करता है। स्नातक कला के विभिन्न पहलुओं और पाठ्यक्रमों पर कार्यक्रम होते हैं। कार्यक्रमों की अनुसूची विश्वविद्यायल के वेबसाइट पर अपलोड की जाती है।

5.7 टेलीकॉन्फ्रेंस / एडुसैट

देश के विभिन्न हिस्सों में फैले हमारे शिक्षार्थियों तक पहुँचने के लिए हम टेलीकॉन्फ्रेंसिंग की मदद लेते हैं। ये सत्र दिल्ली से संचालित किए जाते हैं। छात्र इग्नू के क्षेत्रीय केंद्रों और निर्दिष्ट अध्ययन केंद्रों में उपस्थित हो सकते हैं। इसमें एक तरफा वीडियो और दो तरफा ऑडियो सुविधा है। टेलीकॉन्फ्रेंसिंग ज्ञान दर्शन–2 और एडुसैट पर उपलब्ध है। दिल्ली के संकाय सदस्य और अन्य विषय विशेषज्ञ इन सत्रों में भाग लेते हैं। आप अपनी समस्याओं और प्रश्नों को उपलब्ध केंद्रों पर उपलब्ध टेलीफोन के माध्यम से इन विशेषज्ञों के सामने रख सकते हैं। ये स्नातक कला कार्यक्रम के पाठ्यक्रम से संबंधित आपके सामान्य प्रश्नों और अन्य सामान्य जानकारी प्राप्त करने में मदद करेंगे।

6. मूल्यांकन

विश्वविद्यालय की मूल्यांकन प्रणाली भी पारंपरिक विश्वविद्यालयों से अलग है। इग्नू में मूल्यांकन की एक बहुविध प्रणाली है।

- अध्ययन की प्रत्येक इकाई में स्व–मूल्यांकन अभ्यास।
- चुने गए पाठ्यक्रम के अनुसार सत्रीय कार्य के माध्यम से सतत मूल्यांकन।
- सत्रांत परीक्षा (टीईई)

मूल्यांकन में दो भाग होते हैं। i) सत्रीय कार्य के माध्यम से निरंतर मूल्यांकन और ii) सत्रांत परीक्षा। अंतिम परिणाम में, पाठ्यक्रम के सभी सत्रीय कार्य के लिए 30 प्रतिशत अंक निर्धारित होते हैं जबकि सत्रांत परीक्षा के लिए 70 प्रतिशत अंक। विश्वविद्यालय निरंतर मूल्यांकन के साथ–साथ सत्रांत परीक्षा के लिए ग्रेड पद्धति का अनुसरण भी करता है। यह नीचे दिए गए अक्षर ग्रेड का उपयोग करके दस बिंदुओं के पैमाने पर किया जाता है :

अक्षर ग्रेड	अंक ग्रेड	प्रतिशत
O + (सर्वश्रेष्ठ)	10	85
A + (बेहतरीन)	9	75 से 85
A+ (बहुत अच्छा)	8	65 से 75
B+ (अच्छा)	7	55 से 65
B+ (औसत से ऊपर)	6	50 से 55
C+ (औसत)	5	40 से 50
D+ (पास)	4	35 से 40
F+ (फेल)	0	35
Ab+ (अनुपस्थित)	0	अनुपस्थित

आपको निरंतर मूल्यांकन (सत्रीय कार्य) और साथ ही प्रत्येक पाठ्यक्रम की सत्रांत परीक्षा दोनों में कम से कम 35 प्रतिशत अंक स्कोर करने की आवश्यकता होती है। समग्र गणना में भी आपको बीए की डिग्री का दावा करने के लिए प्रत्येक पाठ्यक्रम में कम से कम 35 प्रतिशत अंक (ग्रेड डी) प्राप्त करने होंगे। सतत मूल्यांकन और सत्रांत परीक्षा के अंक एक पाठ्यक्रम को पूरा करने के लिए एक–दूसरे के पूरक नहीं हैं। **बी. ए. (हिंदी) ऑनर्स का मूल्यांकन अंकों के आधार पर ही होगा।**

जो छात्र सत्रांत परीक्षा में उत्तीर्ण नहीं होते हैं, उन्हें अगले वर्ष की सत्रांत परीक्षा देने की अनुमति दी जाती है। इसका मतलब है कि आप अपने अध्ययन के दूसरे वर्ष में प्रथम वर्ष के पाठ्यक्रमों की सत्रांत परीक्षा दे सकते हैं। लेकिन आप एक परीक्षा में 48 से अधिक क्रेडिट के लिए परीक्षा नहीं दे सकते हैं। इसी तरह, पहले और दूसरे वर्ष के पाठ्यक्रम को तीसरे वर्ष तक ले जाया जा सकता है।

6.1 सत्रीय कार्य

सत्रीय कार्य द्वारा किसी पाठ्यक्रम में दी गई सामग्री का सतत मूल्यांकन किया जाता है। आपके द्वारा सत्रीय कार्यों में प्राप्त किए गए अंक आपके अंतिम परिणाम में शामिल किए जाएँगे। जैसा कि पहले उल्लेख किया गया है, एक पाठ्यक्रम को सत्रीय कार्य के लिए 30 प्रतिशत निर्धारित किए गए हैं। इसलिए आपको अपने सत्रीय कार्यों को गंभीरता से लेने की सलाह दी जाती है। आपकी ओर से एक साधारण चूक आपको बाद में बड़ी असुविधा में डाल सकती है।

इस कार्यक्रम के प्रत्येक पाठ्यक्रम के लिए, आपको एक अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य (टीएमए) पूरा करना होगा जिसमें पाठ्यक्रम की प्रकृति के आधार पर दो से तीन खंड होते हैं। प्रत्येक सेमेस्टर के अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य विश्वविद्यालय की वेबसाइट के छात्र क्षेत्र से डाउनलोड किए जा सकते हैं।

आपको सत्रीय कार्य पुस्तिका में निर्दिष्ट नियत तिथियों के भीतर सत्रीय कार्य पूरा करना है। यदि आप किसी पाठ्यक्रम के लिए समय पर सत्रीय कार्य जमा नहीं करते हैं, तो आपको उस पाठ्यक्रम के लिए सत्रांत परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी। यदि आप सत्रीय कार्य प्रस्तुत किए बिना सत्रांत परीक्षा में बैठते हैं तो सत्रांत परीक्षा का परिणाम निरस्त कर दिया जाएगा।

सत्रीय कार्य संबंधी निर्देश

सुनिश्चित करें कि आपका सत्रीय कार्य सभी प्रकार से पूर्ण है। जमा करने से पहले आपको यह सुनिश्चित करना चाहिए कि आपने सभी सवालों के जवाब दिए हैं। अपूर्ण सत्रीय कार्य या अधूरे उत्तरों से आपको अच्छे अंक नहीं मिल सकेंगे।

सत्रीय कार्य का मुख्य उद्देश्य आपके द्वारा प्राप्त की जाने वाली शिक्षण सामग्रियों की आपकी समझ और पाठ्यक्रम में आपकी सहायता करना है। मूल्यांकनकर्ता/शैक्षणिक परामर्शदाता कार्य को सही करने के बाद उन्हें अपनी टिप्पणियों और अंकों के साथ वापस आपके पास भेजते हैं। टिप्पणियाँ आपके अध्ययन में आपका मार्गदर्शन करेंगी और इसे बेहतर बनाने में मदद करेंगी। इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि आप प्रदर्शन पर मूल्यांकनकर्ता की टिप्पणियों से संबंधित सत्रीय कार्य की एक प्रति के साथ–साथ मूल्यांकित अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य (टी.एम.ए) एकत्र करें।

मुद्रित पाठ्यक्रम सामग्री में प्रदान की गई सामग्री सत्रीय कार्य में दिए गए प्रश्नों का जवाब देने के लिए पर्याप्त होनी चाहिए। कृपया सत्रीय कार्य पर काम करने के लिए अतिरिक्त पठन सामग्री की अनुपलब्धता के बारे में चिंता न करें। हालाँकि, यदि आप चाहें तो अन्य पुस्तकों का उपयोग कर सकते हैं। सत्रीय कार्य इस

तरह से डिजाइन किए गए हैं कि आप मुख्य रूप से पाठ्यक्रम सामग्री पर ध्यान केंद्रित करें और अपने व्यक्तिगत अनुभव का लाभ उठाएँ।

जाँचें हुए सत्रीय कार्य (टी.एम.ए.) अध्ययन केंद्र के संचालक से प्राप्त करना न भूलें। इनके साथ सत्रीय कार्य शीट भी होगी जिस पर अध्यापक द्वारा आपके सत्रीय कार्य पर दी गई टिप्पणी लिखी होगी। इन टिप्पणियों में आपके परामर्शदाता आपको यह बताते हैं कि आपका अध्ययन संतोषप्रद ढंग से चल रहा है या नहीं और आप कैसे इसे अधिक बेहतर बना सकते हैं। इससे आपको आगे सत्रीय कार्य करने में मदद मिलेगी।

सत्रीय कार्य की जो उत्तर–पुस्तिका आप अपने अध्ययन केंद्र के संचालक को देते हैं, उसकी एक प्रति अपने पास रिकॉर्ड के लिए रख लें। सत्रीय कार्यों को अध्ययन केंद्र पर जमा कराने के एक माह के भीतर आपके पास जाँचा हुआ सत्रीय कार्य वापस नहीं आता है तो इसे अपने अध्ययन केंद्र से लेने का प्रयास करें। इससे आपको भविष्य में अपने अध्ययन में सुधार करने में सहायता मिलेगी। जाँचे हुए सत्रीय कार्यों का हिसाब भी रखें। आगे चलकर यदि कोई समस्या आती है तो विश्वविद्यालय के सम्मुख अपना मामला रखने में आपको सहायता मिलेगी।

यदि आपको किसी सत्रीय कार्य में पास ग्रेड नहीं मिलता है, तो आपको इसे फिर से जमा करना होगा। विश्वविद्यालय की वेबसाइट के स्टूडेंट जोन टैब से नए सत्रीय कार्य प्राप्त करें। हालाँकि, सत्रीय कार्य में पास ग्रेड प्राप्त करने के बाद, आप ग्रेड में सुधार के लिए इसे फिर से जमा नहीं कर सकते। तथ्यात्मक त्रुटियों को छोड़कर सत्रीय कार्यों का पुनर्मूल्यांकन संभव नहीं है। मूल्यांकन किए गए सत्रीय कार्य में आपके द्वारा देखी गई विसंगति को अध्ययन केंद्र के समन्वयक के ध्यान में लाया जाना चाहिए, ताकि उनके द्वारा मुख्यालय में छात्र मूल्यांकन प्रभाग को सही अंक भेज दिया जाए।

यदि आपको लगता है कि आपके सत्रीय कार्य के अंक आपकी अंक तालिका में सही रूप से परिलक्षित नहीं हुए हैं या नहीं चढ़े हैं, तो आपको सलाह दी जाती है कि आप सही ग्रेड के साथ अपने अध्ययन केंद्र के समन्वयक से संपर्क करके उसे विश्वविद्यालय के विद्यार्थी मूल्यांकन प्रभाग को भेजने का अनुरोध करें।

सत्रीय कार्य के साथ–साथ अध्ययन सामग्री या सत्रीय कार्य के बारे में स्पष्टीकरण, यदि कोई हो तो उसके लिए कोई संदेह या घेराव न करें। अपने संदेह को इग्नू, मैदान गढ़ी, नई दिल्ली–110068 में संबंधित विद्यापीठ के निदेशक को एक अलग कवर में भेजें। अपना पूरा नामांकन नंबर, नाम, पता, पाठ्यक्रम का शीर्षक और इकाई या सत्रीय कार्य की संख्या इत्यादि का विवरण अपने पत्र के शीर्ष पर लिखें।

अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य के लिए विशिष्ट निर्देश

1) अपनी उत्तर पुस्तिका के प्रथम पृष्ठ के शीर्ष दाहिने कोने पर अपनी नामांकन संख्या, नाम, पूरा पता, हस्ताक्षर और दिनांक लिखें।

2) अपनी उत्तर पुस्तिका के प्रथम पृष्ठ के बाएँ कोने पर कार्यक्रम का शीर्षक, पाठ्यक्रम कोड, पाठ्यक्रम शीर्षक, कोड और अपने अध्ययन केंद्र का नाम लिखें।

पाठ्यक्रम कोड और सत्रीय कार्य कोड सत्रीय कार्य से प्राप्त किया जा सकता है। अपपकी पुस्तिका के प्रथम पृष्ठ के सबसे ऊपर का मात्र इस तरह दिखना चाहिए :

नामांकन संख्या :

कार्यक्रम शीर्षक : ..... **नाम :** .....

पाठ्यक्रम कोड : ..... **पता :** .....

पाठ्यक्रम शीर्षक : ....

सत्रीय कार्य कोड : ..... **हस्ताक्षर :** .....

अध्ययन केंद्र : ..... **तारीख :**

---

3) सत्रीय कार्य को ध्यान से पढ़ें और यदि सत्रीय कार्य की विषयवस्तु या उसकी प्रस्तुति के बारे में कोई विशिष्ट निर्देश हों तो उसका पालन करें।

4) उन इकाइयों का अध्ययन करें जिन पर सत्रीय कार्य आधारित हैं। प्रश्न के संबंध में कुछ बिंदु बनाएँ और फिर उन बिंदुओं को तार्किक क्रम में पुनर्व्यवस्थित करें और अपने उत्तर की एक मोटी रूपरेखा तैयार करें। निबंधात्मक प्रश्न का उत्तर देते समय, परिचय और निष्कर्ष पर पर्याप्त ध्यान दें। परिचय में प्रश्न की एक संक्षिप्त व्याख्या और आप इसे किस तरह समझते हैं, इस पर ध्यान देना चाहिए। निष्कर्ष में आपको प्रश्न के प्रति अपनी प्रतिक्रिया का सारांश देना चाहिए। इसका ध्यान रखें कि उत्तर तार्किक और सुसंगत हो और वाक्य और परिच्छेद के बीच स्पष्ट संबंध हो। उत्तर प्रासंगिक होना चाहिए। सुनिश्चित करें कि आपने प्रश्न में पूछे गए सभी मुख्य बिंदुओं को हल करने का प्रयास किया है। एक बार जब आप अपने उत्तर से संतुष्ट हो जाते हैं, तो अंतिम संस्करण को बड़े करीने से लिखें और उन बिंदुओं को रेखांकित करें जिन पर आप जोर देना चाहते हैं। संख्यात्मक समस्याओं को हल करते समय उचित प्रारूप का उपयोग करें और जहाँ भी आवश्यक हो, काम के नोट्स लिखें।

5) अपने उत्तर के लिए केवल फुलस्केप आकार के कागज का उपयोग करें और सभी पृष्ठों को सावधानी से बाँधें। बहुत पतले कागज का उपयोग न करें। बाईं ओर 4 सेमी का मार्जिन और प्रत्येक उत्तर के बीच में कम से कम 4 लाइनें छोड़ दें। इससे मूल्यांकनकर्ता को उचित स्थानों पर मार्जिन में उपयोगी टिप्पणी लिखने में सुविधा होगी।

6) उत्तर अपने हाथों से लिखें। उत्तर को टाइप या प्रिंट न करें। विश्वविद्यालय द्वारा आपको भेजी गई इकाइयों/खंडों से अपने उत्तर की नकल न करें। यह सलाह दी जाती है कि उत्तर अपने शब्दों में लिखें क्योंकि यह आपकी अध्ययन सामग्री को समझने में मदद करेगा।

7) अन्य छात्रों के उत्तर पत्रों से नकल न करें। यदि नकल पकड़ी गई तो आपका सत्रीय कार्य अस्वीकार कर दिया जाएगा।

8) प्रत्येक सत्रीय कार्य को अलग–अलग लिखें। सभी सत्रीय कार्य को निरंतरता में नहीं लिखा जाना चाहिए।

9) प्रत्येक उत्तर के साथ प्रश्न संख्या लिखें।

10) पूरे किए गए सत्रीय कार्य आपको आबंटित किए गए अध्ययन केंद्र के समन्वयक के पास जमा किया जाना चाहिए। किसी अन्य स्थान पर जमा किए गए सभी अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा।

11) अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य जमा करने के बाद, निर्धारित सत्रीय कार्य प्रेषण–सह–स्वीकृति कार्ड पर समन्वयक से पावती प्राप्त करें।

12) यदि आपने अध्ययन केंद्र में बदलाव के लिए अनुरोध किया है, तो आप अपने अध्यापक जाँच सत्रीय कार्यों के अपने पहले के अध्ययन केंद्र में ही तब तक भेजते रहें, जब तक कि विश्वविद्यालय द्वारा आपको अध्ययन केंद्र के बदलने की सूचना नहीं भेज दी जाती।

13) यदि आपको लगता है कि आपके सत्रीय कार्यों के मूल्यांकन में कोई तथ्यात्मक त्रुटि है, उदाहरण के लिए यदि आपके सत्रीय कार्य के किसी अंश का मूल्यांकन नहीं किया गया है या आपके सत्रीय कार्य पर दर्ज कुल अंक गलत हैं तो आप अपने अध्ययन केंद्र के संचालक से इस गलती के सुधार के लिए संपर्क करें और उस परिवर्तन को विश्वविद्यालय के विद्यार्थी मूल्यांकन प्रभाग को सूचित करें।

6.2 सत्रांत परीक्षा

सत्रांत परीक्षा मूल्यांकन प्रणाली का प्रमुख अंग हैं और इसका अंतिम परिणाम में 70 प्रतिशत महत्व होता है।

आपको अंतिम तिथि से पहले सत्रांत परीक्षा फॉर्म ऑनलाइन भरना होगा यानी 31 मार्च को जून की परीक्षा और 30 सितंबर को दिसंबर की परीक्षा के लिए।

विश्वविद्यालय साल में दो बार यानी जून और दिसंबर में सत्रांत परीक्षा आयोजित करता है। आप सत्रांत परीक्षा सिर्फ एक साल के अध्ययन के बाद दे सकते हैं। पहले दूसरे व तीसरे सालों की सत्रांत परीक्षा हर वर्ष के अंत में संचालित की जाएगी। अर्थात् पहले और दूसरे छमाही पाठ्यक्रम की सत्रांत परीक्षा पहले साल के अंत में एक–साथ ली जाएगी। इसी प्रकार, पाठ्यक्रम के दूसरे और तीसरे वर्षों में, तीसरे और चौथे छमाही पाठ्यक्रम की सत्रांत परीक्षा (दूसरे वर्ष की अध्ययन सामग्री कोर्स) व पाँचवें व छठे छमाही पाठ्यक्रम की सत्रांत परीक्षा (तीसरे वर्ष की अध्ययन सामग्री) एक–साथ संचालित की जाएगी। अगर आप कोई भी सत्रांत परीक्षा देने में विफल रहते हैं, तब आप इसे अगले जून या दिसम्बर में दे सकते हैं।

एक शिक्षार्थी को सत्रांत परीक्षा में निम्नलिखित शर्तों के अधीन उपस्थित होने की अनुमति है : –

- पाठ्यक्रमों के लिए पंजीकरण मान्य और समय वर्जित नहीं है।
- संबंधित पाठ्यक्रम के सत्रीय कार्य को पूरा करके नियत तिथि तक अध्ययन केंद्र में जमा करा दिया है।
- कार्यक्रम के प्रावधान के अनुसार इन पाठ्यक्रमों को आगे बढ़ाने का न्यूनतम समय पूरा हो चुका है।

- अपने परीक्षा फॉर्म को निर्धारित शुल्क के साथ समय से भेज दिया है।

उपरोक्त शर्तों में से किसी एक का भी पालन न करने की स्थिति में, ऐसे सभी पाठ्यक्रमों के परिणाम विश्वविद्यालय द्वारा रोक दिए जा सकते हैं।

यदि आप सत्रांत परीक्षा में पास स्कोर (35 प्रतिशत अंक) प्राप्त करने में असफल रहते हैं तो आपको कार्यक्रम के कुल अवधि यानी छह साल के भीतर उस पाठ्यक्रम के लिए अगले सत्रांत परीक्षा में फिर से बैठना होगा।

परीक्षा फार्म जमा करना

शिक्षार्थियों को हर बार सत्रांत परीक्षा में बैठने के लिए परीक्षा फॉर्म भरना होता है यानी हर परीक्षा (जून/दिसंबर) के लिए एक शिक्षार्थी को नए सिरे से आवेदन करना होता है। केवल उन सभी पाठ्यक्रमों के लिए ऑनलाइन फॉर्म जमा किया जाना होता है जिनमें शिक्षार्थी सत्रांत परीक्षा में बैठने की योजना बनाता है। परीक्षा फॉर्म भरने में विसंगतियों से बचने के लिए और सत्रांत परीक्षा में उपस्थित होने में आने वाली कठिनाई से बचने के लिए, आपको निम्नलिखित सलाह दी जाती है :

1) परीक्षा फॉर्म जमा करने की अनुसूची में बदलाव के लिए अध्ययन केंद्र/क्षेत्रीय केंद्र/छात्र मूल्यांकन प्रभाग के संपर्क में रहे।

2) फॉर्म के प्रसंस्करण में अस्वीकृति/देरी से बचने के लिए परीक्षा फॉर्म में दिए गए सभी विवरणों को सावधानीपूर्वक और ठीक से भरें।

3) अपने हॉल टिकट को डाउनलोड करने तक परीक्षा फॉर्म जमा करने का सबूत अपने पास रखें।

परीक्षा शुल्क और भुगतान की विधि

सत्रांत परीक्षा फॉर्म जमा करने की अनुसूची इग्नू की वेबसाइट पर प्रत्येक सत्र के दौरान उपलब्ध रहती है।

परीक्षा शुल्क

150/–रु. प्रति सिद्धांत पाठ्यक्रम

150/–रु. प्रति व्यावहारिक पाठ्यक्रम

भुगतान का प्रकार

क्रेडिट कार्ड/डेबिट कार्ड/नेट बैंकिंग

एक बार भुगतान किया गया परीक्षा शुल्क न तो वापस किया जा सकता है और न ही समायोज्य, भले ही शिक्षार्थी परीक्षा में उपस्थित न हो पाए।

सत्रांत परीक्षा के लिए हॉल टिकट

हॉल टिकट परीक्षार्थियों को नहीं भेजा जाएगा। सत्रांत्र परीक्षा शुरू होने से 7–10 दिन पहले सभी परीक्षार्थियों के हॉल टिकट विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दिए जाते हैं।

छात्रों को सलाह दी जाती है कि वे अपनी नामांकन संख्या और अध्ययन के कार्यक्रम का नाम दर्ज करने के बाद विश्वविद्यालय के वेबसाइट से हॉल टिकट का प्रिंट आउट ले लें और क्षेत्रीय केंद्र के निदेशक द्वारा सत्यापित एवं विश्वविद्यालय द्वारा जारी किए गए पहचान पत्र के साथ परीक्षा केंद्र पर रिपोर्ट करें। क्षेत्रीय केंद्र/विश्वविद्यालय द्वारा जारी वैध इग्नू स्टूडेंट आईडी कार्ड के बिना परीक्षार्थियों को परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

